**बिहार लोक सेवा आयोग**
**15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001**
**विज्ञापन सं.–65/2020, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार**

**विज्ञापन सं.–65/2020** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के अन्तर्गत सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक (बिहार संग्रहालय सेवा) के लिए निम्नांकित कोटिवार रिक्त 12 (बारह) पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक–30.09.2020 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था:–

**1. इन रिक्त पदों की कोटिवार विवरणी निम्नवत है :–**

**(क)**

| क्र. सं. | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 06 | 01 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 01 | 01 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 01 | 01 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 02 | 01 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 02 | 00 |
| 7. | पिछड़े वर्ग की महिलाएँ | 00 | NA |
| | **कुल** | **12** | **04** |

**(ख)**

| | | |
|---|---|---|
| 2. | सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्रांक– 2526, दिनांक– 18.02.2016 के आलोक में राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों जिन्हें केन्द्र द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/ नतीनी के लिए आरक्षित कुल पदों की संख्या | 00 |

**(ग)**

| **3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 के आलोक में निःशक्तता से ग्रस्त उम्मीदवारों के लिए 04 (चार) प्रतिशत आरक्षित कुल पदों की संख्या** | | |
|---|---|---|
| (i) | दृष्टि बाधित (VI) | 01 |
| (ii) | मूक बधिर (DD) | 00 |
| (iii) | अस्थि विकलांग (OH) | 00 |
| (iv) | मनोविकार/बहुदिव्यांग | 00 |

इसी क्रम में विभागीय पत्रांक–715, दिनांक–15.12.2022 द्वारा शैक्षणिक योग्यता में संशोधनोपरान्त दिनांक–30.12.2022 को उक्त विज्ञापन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसके आलोक में प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के आधार पर लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक–25.03.2023 को किया गया था एवं लिखित परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक–24.05.2023 को प्रकाशित किया गया।

उक्त के क्रम में विभागीय पत्रांक–611, दिनांक–05.09.2023 द्वारा संशोधित कोटिवार रिक्ति उपलब्ध करायी गयी है, जो निम्नांकित है:–

| क्र. सं. | कोटि | अनुमान्य पदों की कुल संख्या | 35% क्षैतिज आरक्षण के फलस्वरूप महिलाओं के लिए अनुमान्य पदों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित | 05 | 00 |
| 2. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 01 | 01 |
| 3. | अनुसूचित जाति | 01 | 01 |
| 4. | अनुसूचित जनजाति (बैकलॉग) | 01 | 00 |
| 5. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 01 | 01 |
| 6. | पिछड़ा वर्ग | 02 | 00 |
| 7. | पिछड़े वर्गों की महिला (बैकलॉग) | 01 | 00 |
| | **कुल** | **12** | **03** |

**उपरोक्त संशोधित कोटिवार रिक्ति के आलोक में अनुसूचित जनजाति– 01 पद एवं पिछड़े वर्गों की महिला–01 पद के विरूद्ध पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।**

**दिनांक–30.12.2022 को प्रकाशित संशोधित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से संबंधित सभी प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि–19.12.2023 तक का निर्गत होना चाहिए अन्यथा उम्मीदवार की उम्मीदवारी रदद् कर दी जायेगी।**

2. उम्र सीमा – दिनांक– 01.08.2019 को न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम अनारक्षित (पुरूष)– 37 वर्ष, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्ग की महिला एवं अनारक्षित महिला– 40 वर्ष एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)– 42 वर्ष।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक–212, दिनांक–23.01.2006 के आलोक में वैसे उम्मीदवार जो दिनांक–01.08.2013 से 01.08.2019 तक उपर्युक्त वर्णित अधिकतम उम्र सीमा के आधार पर पात्रता रखते हैं, भी प्रस्तुत विज्ञापन के लिए सुपात्र होंगे, बशर्ते वे अन्य अर्हताएँ पूरी करते हों।

इसके अतिरिक्त बिहार राज्य के नियमित सरकारी सेवक, दिव्यांग अभ्यर्थी एवं भूतपूर्व सैनिकों को दिनांक–30.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–65/2020 के अनुसार अधिकतम उम्र सीमा में छूट देय होगी।

3. आरक्षणः–(i) अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को निम्नांकित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगाः–

(A) जाति प्रमाण पत्र।

(B) स्थायी निवास/मूल निवास प्रमाण पत्र।

(ii) पिछड़े वर्ग की महिला उम्मीदवार के लिए पिता के नाम एवं पता से निर्गत क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

**दिनांक–30.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–65/2020 सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/शोध एवं प्रकाशन पदाधिकारी/सहायक निदेशक (बिहार संग्रहालय सेवा) आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित है। उक्त विज्ञापन संख्या–65/2020 की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।**

4. **अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों की महिला के पद हेतु इच्छूक आवेदक संशोधित विज्ञापन के आलोक में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।**

5. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 09.12.2023 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 19.12.2023 |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन में Edit करने की अंतिम तिथि | 22.12.2023 |

- **Edit करने हेतु लिंक दिनांक–09.12.2023 से उपलब्ध रहेगा।**
- **ऑनलाइन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को सभी संबंधित प्रमाण–पत्र/कागजात (जो स्पष्ट एवं पठनीय हो) को PDF Format में निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक है।**
- **अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र एवं संबंधित कागजातों की हार्ड कॉपी आयोग कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है। अभ्यर्थी द्वारा स्वतः हार्ड कॉपी में आवेदन या कोई पूरक कागजात यदि दिया जाता है तो वह हार्ड कॉपी आवेदन/कागजात और उसके आधार पर किया गया कोई दावा अनुमान्य नहीं होगा।**

6. **अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के पूर्व वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं उक्त विज्ञापन हेतु संलग्न ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।**

7. **उक्त विज्ञापन के साथ दिनांक–30.09.2020 को प्रकाशित विज्ञापन तथा दिनांक–30.12.2022 को प्रकाशित संशोधित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से संबंधित आवश्यक सूचना संलग्न है।**

7/12/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।